त्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल की बधाई

महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव एवं भयभुक्त समाज बनाने के लिये जनता की भागीदारी आवश्यक-राज्यपाल

लखनऊ: 14 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने सत्तरवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और अनेकानेक शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर देश के सभी ज्ञात एवं अज्ञात शहीदों को नमन करते हुए अपने बधाई संदेश में कहा है कि आज का दिन हमें राष्ट्रीय गौरव एवं आत्माभिमान की अनुभूति कराता है। इसके साथ ही स्वाधीनता संघर्ष में अपना सब कुछ न्यौछावर कर देने वाले असंख्य शहीदों, वीरों और वीरांगनाओं का पुण्य स्मरण कर हम उनके बताये मार्ग पर चलने के लिये प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

श्री नाईक ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का हृदय प्रदेश रहा है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रिम पंक्ति के रूप में राष्ट्र को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान किया। आजादी के बाद देश को पण्डित जवाहर लाल नेहरू से लेकर अटल बिहारी बाजपेयी और नरेन्द्र मोदी जैसे अब तक नौ प्रधानमंत्री इसी प्रदेश ने दिये हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने रामराज की कल्पना की थी। हमें स्वराज्य को सुराज में परिवर्तन करना है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों का आहवान किया कि आपसी भाईचारे के साथ देश की एकता और अखण्डता की रक्षा करने, आतंकवाद को शिकस्त देने, महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव एवं भयभुक्त समाज बनाने के लिये जनता की भागीदारी आवश्यक है। शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिये हम सभी को समर्पित भाव से काम करना होगा। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में विधान सभा के चुनाव प्रत्याशित है, ऐसे में समस्त नागरिक, राजनैतिक दल सहित सभी को शांति-व्यवस्था में सहयोग करना चाहिए।

अंजुम/ललित/राजभवन (288/18)

70वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऐतिहासिक राजभवन की इमारत प्रकाश व्यवस्था से जगमगाती हुयी।

70वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऐतिहासिक राजभवन की इमारत प्रकाश व्यवस्था से जगमगाती हुयी।